दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 326 मुरादाबाद 29 March 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 10 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## भाजपा नेता ने प्रियंका गांधी को भेजा रेल टिकट, कहा-राजस्थान में लड़कियां लड़ नहीं पा रहीं, जयपुर आकर देखिए




जयपुर- राजस्थान के कांग्रेस विधायक जौहरी लाल मीणा के पुत्र दीपक सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ है। भाजपा इस मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। हालांकि अभी तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस बीच, पूर्व विधायक और भाजपा नेता जितेंद्र गोठवाल ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को रेल का टिकट भेजकर पीड़िता से मिलने आने का आग्रह किया है। गोठवाल ने प्रियंका गांधी को ट्वीट कर कहा कि नाबालिग लड़की आपके विधायक के बाहुबल के आगे लड़ नहीं पा रही है। प्रियंका जी आपके लिए रेल का टिकट भेज रहा हूं, तुरंत जयपुर आइए, क्योंकि राजस्थान में लड़कियां लड़ नहीं पा रही हैं। अपने इस ट्वीट के साथ उन्होंने रेल का टिकट शेयर किया है। गोठवाल ने एक पत्र भी प्रियंका को लिखा है, जिसमें भी उनसे राजस्थान आकर लड़कियों की मदद करने का आग्रह किया गया है। प्रियंका के लिए सोमवार को शताब्दी एक्सप्रेस रेल का करवाया गया टिकट लेकर सोमवार सुबह भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता दिल्ली पहुंची। महिला कार्यकर्ताओं ने दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर प्रियंका गांधी का इंतजार किया।

### प्रियंका को लेने पहुंची महिला कार्यकर्ता

गोठवाल ने कहा कि प्रदेश में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। डेढ़ महीने पहले अलवर में एक मूक-बधिर नाबालिग के साथ दुष्कर्म हुआ था, जिसे सरकार ने झूठा साबित कर दिया। उस समय प्रियंका रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघ देखने आई थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राजस्थान में दुष्कर्म की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जबकि प्रियंका ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में नारा दिया था, मैं लड़की हूं, लड़ सकती हूं। उन्होंने कहा कि यदि प्रियंका के दिल में महिलाओं के लिए पीड़ा है तो वह राजस्थान जरूर आएं। यहां लड़कियां लड़ नहीं पा रही हैं। गोठवाल ने कहा कि महिला कार्यकर्ता अपने साथ राज्य में अब तक हुए दुष्कर्म की घटनाओं को विवरण लेकर गई थीं, लेकिन प्रियंका नहीं आईं। गोठवाल ने जिस ट्रेन का टिकट प्रियंका को भेजा, वह सुबह 6.10 बजे दिल्ली कैंट से रवाना होकर 10¬40 बजे जयपुर पहुंचती है। टिकट का कुल चार्ज 960 रुपये है।

## योगी ने ली शपथ तो जय श्रीराम के नारों से गूंजी विधानसभा




उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में जीतकर आए 403 विधायकों के लिए अब जिम्मेदारी संभालने का मौका आ गया है। सोमवार विधानसभा में विधायकों को शपथ दिलाने की प्रकिया शुरू हुई जो मंगलवार तक पूरी होगी। सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक के रूप में शपथ ली तो इसके बाद विपक्ष के नेता अखिलेश यादव ने शपथ ली। यह पहली बार है जब इन दोनों नेताओं ने विधानसभा की सदस्यता ली है। सीएम योगी जैसे ही शपथ के लिए आए सदन में मौजूद भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) विधायकों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे लगाए। इसके बाद जब अखिलेश की बारी आई तो सपा विधायकों ने जय समाजवाद और जय जवान जय किसान के नारे लगाए। शपथ ग्रहण के दौरान योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव की मुलाकात भी हुई। इस दौरान योगी आदित्यनाथ काफी प्रसन्न मुद्रा में दिखे। अखिलेश यादव ने भी गर्मजोशी से उनसे हाथ मिलाया। इस संक्षिप्त मुलाकात के दौरान योगी आदित्यनाथ ने एक क्षण के लिए अखिलेश के कंधे पर हाथ जिसे आज के दिन की विधानसभा की सबसे अच्छी तस्वीर बताया जा रहा है। दोनों नेता जिस तरह से मिले, उसे भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती बताया जा रहा है जहां एक-दूसरे पर चाहे जितनी टिप्पणियां की गई हों, एक-दूसरे की कमियां उजागर करने की कोशिश की गई हो लेकिन राजनीतिक शिष्?टाचार कभी नहीं भूला जाता। शपथ लेने के बाद अखिलेश यादव ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य से भी हाथ मिलाया। सीएम योगी गोरखपुर तो अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट से चुनाव जीते हैं। दोनों नेता पहली बार विधानसभा के सदस्य बने हैं। पिछली सरकार के दौरान योगी आदित्यनाथ जहां विधानपरिषद के सदस्य थे वहीं अखिलेश यादव ने आजमगढ़ से सांसद। विधायक चुने जाने के बाद अखिलेश ने सांसदी छोड़ दी है।

### केवल बेंच बदल गई है

शपथ ग्रहण के बाद अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि केवल बेंच बदल गई है, मैं अब विपक्ष में बैठूंगा। सरकार की जवाबदेही के लिए विपक्ष काम करेगा और विपक्ष की भूमिका सकारात्मक होगी।

## पीएम मोदी ने कुछ किया होगा तभी चुनाव जीत रहे हैं और दुनिया में जलवा है: NCP नेता

शरद पवार की पार्टी एनसीपी के नेता माजिद मेमन ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। माजिद मेमन ने ट्वीट कर रहा कि यदि पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों का जनादेश हासिल किया है और दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता माने गए हैं तो जरूर उनमें कुछ क्वॉलिटी होगी। माजिद मेमन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जरूर कुछ अच्छे काम किए होंगे, जिसके चलते उन्हें लोगों का समर्थन मिल रहा है, जबकि विपक्षी नेता ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। माजिद मेमन 2014 से 2020 के दौरान राज्यसभा के सांसद थे। एनसीपी के मुस्लिम चेहरे कहे जाने वाले माजिद मेमन की यह टिप्पणी अहम है। एनसीपी महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार में साझीदार है और



भाजपा विपक्ष में है। हाल ही में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक को दाऊद से जुड़ी बेनामी संपत्तियों के मामले में अरेस्ट किया गया था। इसके बाद से एनसीपी लगातार भाजपा पर हमला कर रही है। इस बीच माजिद मेमन की पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ में की गई यह टिप्पणी अहम है। हालांकि उनकी इस टिप्पणी पर ट्विटर पर लोग कह रहे हैं कि शायद माजिद मेमन पार्टी बदलने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने विपक्षी नेता होने के बाद भी पीएम नरेंद्र मोदी की सराहना करने को लेकर उनकी तारीफ की। इससे पहले 25 मार्च को ही माजिद मेमन ने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार पर निशाना साधा था। माजिद मेमन ने कहा था कि जब आप पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा करते हैं तो इससे अपने आप ही हर चीज के दाम बढ़ जाते हैं। देश में सभी चीजों और सेवाओं के दामों में इससे इजाफा हो जाता है। इसके चलते देश के 130 करोड़ लोग सीधे तौर पर प्रभावित होते हैं। नवाब मलिक और माजिद मेमन को एनसीपी के मुस्लिम चेहरों में गिना जाता है, जो शरद पवार के भी करीबी नेता रहे हैं।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

# प्रदेश

www.knlslive.com

29 March 2022



## अवैध चाकू के साथ काशीपुर पुलिस ने 01 व्यक्ति को किया गिरफ्तार



दुर्गेश तिवती

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार संदिग्ध व वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 27/03/22 को चौकी कटोराताल चौकी क्षेत्रान्तर्गत नागनाथ मन्दिर तिराहा के पास समय करीब 18-25 बजे चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर नाम पता पूछते हुए तलाशी ली तो उक्त व्यक्ति ने अपना नाम इमरान पुत्र रहीश निवासी मौहल्ला किला कोतवाली काशीपुर जनपद उधमसिंह नगर* उम्र 19वर्ष बताया जिसके कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली काशीपुर में स्न्ढ्ढक्रह् ..../22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। नाम पता अभियुक्त इमरान पुत्र रहीश निवासी मौहल्ला किला कोतवाली काशीपुर जनपद उधमसिंहनगर। उम्र 19 वर्ष बरामदगी 1- एक अदद नाजायज चाकू

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ काशीपुर पुलिस ने 01 व्यक्ति को किया गिरफ्तार

दुर्गेश तिवती

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- वादी मुकदमा राजपाल उर्फ राजू पुत्र हरी सिंह निवासी मोहल्ला काजी बाग कोतवाली काशीपुर जनपद उधम सिंह नगर ने उपस्थित थाना आकर अपनी स्वयं की मोटरसाइकिल जो कि घर के बाहर खड़ी थी के किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेने बाबत दी जिस संबंध में थाना कोतवाली काशीपुर पर एफ आई आर नंबर 180/2022 धारा 379 आईपीसी बनाम अज्ञात पंजीकृत करते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी महोदय काशीपुर के निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक काशीपुर के नेतृत्व में घटना के अनावरण हेतु एक टीम का गठन किया गया टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं सुराग पतारसी के आधार पर आज दिनांक 28/3/ 2022 को नया ढेला पुल के पास अभियुक्त जाकिर पुत्र साबिर हुसैन निवासी बैलजुड़ी थाना कुंडा जनपद उधम सिंह नगर को चोरी गई मोटरसाइकिल संख्या ह्वद्म06 जी 2688 के साथ गिरफ्तार किया गया बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 411 आईपीसी की वृद्धि कर अभियुक्त जाकिर उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। बरामदा माल 1 अदद मोटरसाइकिल संख्या च06त्र2688 नाम पता अभियुक्त जाकिर पुत्र साबिर हुसैन निवासी बैलजुड़ी थाना कुंडा जनपद उधमसिंहनगर उम्र 32 वर्ष

## 128 नशीले इंजेक्शन के साथ एडीटीएफ उधमसिंहनगर ने 01 व्यक्ति को किया गिरफ्तार

दुर्गेश तिवती

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय उधम सिंह नगर के आदेशानुसार श्रीमान क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन श्री परवेज अली महोदय के निर्देशन में एडीटीएफ/ कोतवाली रुद्रपुर पुलिस द्वारा दिनांक 28/03/22 को नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना रुद्रपुर रम्पुरा से 128 नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना रुद्रपुर में मुक़दमा द्धद्बह्र ढ्ढश्192 / 2022, धारा 8/22/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया नाम पता अभियुक्त 1- दीपक कोहली उर्फ डीके पुत्र वासुदेव कोहली नियर सनशाइन स्कूल के सामने वार्ड नंबर 24 रम्पुरा कोतवाली रुद्रपुर उम्र 21 वर्ष।

## विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की सम्बन्धित विभागों/संस्थानो के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई

दुर्गेश तिवती

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की सम्बन्धित विभागों/संस्थानो के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि बेट बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना पर माइक्रोप्लानिंग बनाकर कार्य करें। उन्होने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की बेटियों के बेहतरीन हेतु धरातल पर कार्य करें। उन्होने शिक्षा, चिकित्सा, समाज कल्याण, जिला सेवा योजन व पंचायतराज विभग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपस में समन्वय बनाकर बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये लोगों को जागरूक करें। उन्होने कहा ग्राम पंचायत स्तर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवनो आदि स्थलों पर बॉल पेंटिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। उन्होने कहा कि जिन क्षेत्रों में लिंगानुपात में अधिक अन्तर है उन क्षेत्रों में अधिक प्रचार-प्रसार करें। उन्होने कहा कि मास्क, स्टीकर के माध्यम से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का लोगो बनाकर प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होने कहा कि सम्बन्धित विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर बच्चियों की टीम बनाकर भ्रमण भी कराये व ब्लाक स्तर एवं जनपद स्तर पर कार्यशाला का आयोजन भी किया जाये। कार्यशाला में बेटियों हेतु चलाये जा रहे रोजगार परक योजनाओं की भी जानकारी दी जाये व योजना से लाभान्वित किया जाये। उन्होने कहा कि योजना को अपना समझ कर कार्य करे तभी योजना का उद्देश्य सफल होगा। उन्होने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से सम्बन्धित ब्लाक स्तर पर जो भी कार्य किया जाता है उसे प्रिन्ट/इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होने कहा कि योजनान्तर्गत आगामी वित्तीय वर्ष हेतु किये जाने वाले कार्यो की दो दिवस के भीतर मॉइक्रोप्लानिंग बनाकर प्रस्तुत करें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, महाप्रबन्धक उद्योग चंचल बोहरा, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पंत, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, चाइल्ड लाइन केन्द्र समन्वय सायरा बानो, एएलसी अरविन्द सैनी आदि उपस्थित थे।

## कान्फेडरेशन आफ सेंट्रल गवर्नमेंट इंप्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले दो दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया गया है

दुर्गेश तिवती

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- कान्फेडरेशन आफ सेंट्रल गवर्नमेंट इंप्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले दो दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया गया है। दून में भी दो दर्जन से अधिक केंद्रीय संस्थानों के कार्मिक हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय विभागों के कार्मिक सोमवार और मंगलवार को हड़ताल कर रहेंगेपुरानी पेंशन बहाली समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्रीय विभागों के कार्मिक सोमवार और मंगलवार को हड़ताल कर रहेंगे। हड़ताल का खासा असर आयकर संबंधी कार्यों पर पड़ सकता है। क्योंकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के साथ आइटीआर दाखिल करने को लेकर भी आपाधापी बढ़ गई है।कान्फेडरेशन आफ सेंट्रल गवर्नमेंट इंप्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले दो दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया गया है। दून में भी दो दर्जन से अधिक केंद्रीय संस्थानों के कार्मिक हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। के निजीकरण की शुरुआत होगी इस हड़ताल के जो मुख्य बिंदु है उनमें से एलआईसी आईपीओ के निर्णय के विरोध में वह आत्मनिर्भरता के प्रतीक सर्वजनिक संस्थानों के निजीकरण के खिलाफ है नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करना है फैमिली पेंशन में सुधार करना है बढ़ते व्यवसाय के कारण एलआईसी के क्लास वर्क में नई भर्तियां करना श्रम कानून के स्थान पर लाई गई समसन ही ताऊ को रद्द करना और संगठित क्षेत्र के लिए सामाजिक सुरक्षा उपाय लागू करना आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाना शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए आवंटित करना है

## कोतवाली सितारगंज पुलिस द्वारा वारंटी के विरुद्ध की गयी कार्यवाही, गिरफ्तार कर भेजा जेल



दुर्गेश तिवती

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाए जा रहे अभियान ह्वक्क्ल्ल व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अनुपालन में दिनांक 28-03-2022 को माननीय न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन सितारगंज द्वारा जारी ह्वक्क्ल्ल फौ0वाद संख्या-365/2019 धारा- 138 ह्व ढ्ढ ड्डष्ह्ल से संबंधित वारंटी भगवान सिंह राणा पुत्र श्री फिरू सिंह राणा निवासी ग्राम सिसौना, थाना सितारगंज, जिला उधम सिंह नगर को समय 11:50 बजे गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।

# सपा नेता की गिरफ्तारी को नगर निगम में हड़ताल



मुरादाबाद- सील की कार्रवाई पर अपर नगर आयुक्त को धमकाने वाले सपा नेता की गिरफ्तारी पर अड़े निगम कर्मचारी लामबंद हो गए। निगम कर्मचारी व सफाई कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से सोमवार से हड़ताल का ऐलान कर दिया। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते सोमवार सुबह से ही निगम के दफ्तर बंद हो गए। टाउनहाल पर निगम व सफाई संगठन नेता और कर्मचारियों ने मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया। बाद में नगर आयुक्त को ज्ञापन भी दिया। अपर निगम आयुक्त अनिल कुमार सिंह को धमकी का मामला शनिवार का है। सपा नेता के खिलाफ सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज हो गया। कटघर में भी निगम की ओर से सील प्रापर्टी को तोड़ने में सपा नेता के दामाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पर पुलिस सपा नेता को गिरफ्तार नहीं कर सकीं। इसे लेकर निगम कर्मियों में उबाल है। फैसले के बाद सोमवार को निगम कर्मचारी और सफाई संगठनों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया। सुबह से ही टाउनहाल पर स्मार्ट सिटी समेत सभी विभागीय दफ्तर बंद हो गए। यहां तक कि कैश काउंटर भी बंद कर दिया गया। तमाम कर्मचारी परिसर में धरने पर बैठ गए और जमकर प्रदर्शन किया। सपा नेता को लेकर निगम में रोष है। दोपहर दो बजे तक धरना चला। इसके बाद तमाम कर्मचारी नेताओं ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहम्मद सुब्हान का कहना है कि नगर आयुक्त ने सुरक्षा के प्रति आश्वास्त किया है। कहा कि हड़ताल का असर टैक्स वसूली पर पड़ेगा। जबकि कर्मचारी नेता ओमी लाल वाल्मीकि ने कहा कि कंपनी की ठेकेदारी व आउट सोर्सिंग कर्मियों का वेतन बढ़ाने की मांग है।

मुख्य गेट पर धरना दे रहे कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहम्मद सुब्हान, महामंत्री मोहित चौहान, सफाई कर्माचारी नेता ओमीलाल वाल्मीकि, एससी-एसटी के राजू अंबेडकर, लल्ला बाबू द्रविड़, अरविंद कुमार, मोहम्मद अली वारसी, ओम कुमार,शराफत हुसैन,प्रेम बाबू वाल्मीकि आदि तमाम कर्मचारियो ने धरना दिया और गिरफ्तारी की मांग की। हड़ताल से निगम के काम प्रभावित-हड़ताल के चलते निगम से जुड़े कामकाज पर असर पड़ा है। दोपहर तक वसूली नहीं हो सकी। टैक्स कर्मचारी न काम पर गए और न कैश काउंटर ही खुला। हड़ताल के चलते निगम में प्रमाण पत्र व अन्य समस्याएं लेकर आए नागरिकों को भटकना पड़ा। सबसे ज्यादा दिक्कत जन्म प्रमाण पत्र को लेकर रहीं। दफ्तर बंद होने से वे लोग निराश लौटे।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन मुशायरा ग्राउंड मुरादाबाद में किया गया

सगीर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन मुशायरा ग्राउंड मुरादाबाद में किया गया।प्रदर्शनी में मुरादाबाद के सभी 9 विकास खंड तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय के परिषदीय छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।प्रत्येक विकासखंड से ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित 10 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल जैसे जल संरक्षण, चलित नलकूप, सोलर एनर्जी इरिगेशन मॉडल,ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वैक्यूम क्लीनर,अम्ल वर्षा ,जेसीबी,पाचन तंत्र, मनुष्य के शरीर की आंतरिक संरचना,प्रकाश संश्लेषण,ग्रीन हाउस इफेक्ट,आर्किमिडीज स्क्रु आदि मॉडल बनाकर अपने अपने विकासखंड की स्टाल को सजाया।चयन समिति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक शिक्षा निदेशक/प्राचार्य महोदय तथा जिलाधिकारी मुरादाबाद के द्वारा प्रत्येक स्टॉल पर लगाए गए मॉडलों का बारीकी से अवलोकन करने के बाद प्रत्येक ब्लॉक से एक मॉडल का चयन किया गया जबकि ब्लॉक ठाकुरद्वारा से दो मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कालेवाला माधोवाला तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय कमलापुरी खालसा के बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडलों का चयन किया गया।ओवर ऑल प्रदर्शन में ब्लॉक ठाकुरद्वारा प्रथम स्थान पर रहा।ब्लॉक डिलारी तथा ब्लॉक मुरादाबाद द्वितीय व तृतीय



स्थान पर रहे।प्रदर्शनी में ब्लॉक ठाकुरद्वारा की तरफ से ए आर पी पीयूष कुमार प्रशांत,सतीश मोहन, शिखा गुप्ता, सोनिया चौहान, नाजिया करीम, विनीता चौधरी,रूपाली वर्मा,पूजा चौहान, ओंकार सिंह, शुभम, रोहित,अरविंद,नरेंद्र सहदेव,हर्ष कुमार,शैलेंद्र यादव तथा ब्लॉक से चयनित सभी 10 छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।ठाकुरद्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन मुशायरा ग्राउंड मुरादाबाद में किया गया।प्रदर्शनी में मुरादाबाद के सभी 9 विकास खंड तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय के परिषदीय छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।प्रत्येक विकासखंड से ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित 10 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल जैसे जल संरक्षण, चलित नलकूप, सोलर एनर्जी इरिगेशन मॉडल,ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वैक्यूम क्लीनर,अम्ल वर्षा ,जेसीबी,पाचन तंत्र, मनुष्य के शरीर की आंतरिक संरचना,प्रकाश संश्लेषण,ग्रीन हाउस इफेक्ट,आर्किमिडीज स्क्रु आदि मॉडल बनाकर अपने अपने विकासखंड की स्टाल को सजाया।चयन समिति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक शिक्षा निदेशक/प्राचार्य महोदय तथा जिलाधिकारी मुरादाबाद के द्वारा प्रत्येक स्टॉल पर लगाए गए मॉडलों का बारीकी से अवलोकन करने के बाद प्रत्येक ब्लॉक से एक मॉडल का चयन किया गया जबकि ब्लॉक ठाकुरद्वारा से दो मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कालेवाला माधोवाला तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय कमलापुरी खालसा के बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडलों का चयन किया गया।ओवर ऑल प्रदर्शन में ब्लॉक ठाकुरद्वारा प्रथम स्थान पर रहा।ब्लॉक डिलारी तथा ब्लॉक मुरादाबाद द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।प्रदर्शनी में ब्लॉक ठाकुरद्वारा की तरफ से ए आर पी पीयूष कुमार प्रशांत,सतीश मोहन, शिखा गुप्ता, सोनिया चौहान, नाजिया करीम, विनीता चौधरी,रूपाली वर्मा,पूजा चौहान, ओंकार सिंह, शुभम, रोहित,अरविंद,नरेंद्र सहदेव,हर्ष कुमार,शैलेंद्र यादव तथा ब्लॉक से चयनित सभी 10 छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# मिड डे मील से प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की बढ़ने लगी संख्या

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बदायूँ- अब प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या पहले से अधिक होने लगी है जिसके लिए बच्चों के लिए सरकार की तरफ से अब मिड डे मील के माध्यम से बच्चों के लिए खाने की व्यवस्था व फल की व्यवस्था की जाती है जैसे प्राथमिक विद्यालय आनंदपुर विकास क्षेत्र म्याऊं में अध्यापक लोगों ने मिड डे मील के माध्यम से बच्चों को भोजन हो जाने के बाद सभी बच्चों को फल वितरण किया और बच्चों के लिए स्कूल के ग्राउंड में बच्चों को खेलने के लिए कैरम बोर्ड झूला जैसे बच्चों को खेलने का सामान भी दिया जिस पर बच्चे खुश नजर आए विद्यालय में केले का वितरण करते हुए प्रधानाध्यापक श्री विनोद भारती श्री विजय प्रताप सिंह सहायक अध्यापक डी पी सिंह चंदेल श्रीमती प्रीति ने बच्चों को फल वितरण किया फिर बच्चों को मैदान में कैरम बोर्ड झूले पर खिलाया प्रधानाध्यापक का कहना है कि बच्चों के लिए विधिवत रोटी सब्जी व फल वितरण कराया जाता है जो कि पहले बच्चों के लिए ड्रेस स्कूल से की तरफ से दी जाती थी अब सरकार ने बच्चों के बैंक खाते में पैसे भेज कर बच्चे अपनी ड्रेस स्वयं लते हैं और कुछ बच्चों के माता-पिता ऐसे हैं जो बच्चों से बैंक के खाते से पैसा निकलवा लेते हैं और बच्चों को ड्रेस नहीं खरीदते हैं जो कि बच्चे स्कूल की ड्रेस स्कूल में सभी बच्चे पहने होते हैं तो अच्छे लगते हैं और जो बच्चे ड्रेस पहन के नहीं जाते हैं एक दूसरे की तरफ देखते हैं और अपने को कुछ महसूस करते हैं जिससे बच्चे उदास रहते हैं जोकि विद्यालय में परिसर भी साफ सुथरा रहता है जो कि समय-समय पर गांव की प्रधान व गणमान्य लोग भी स्कूल की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते रहते हैं

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।*
*संपादक - नरेश राज शर्मा*
*मो. 9027776991*
**Title Code : UPBIL05086**
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# Male family planning

Family planning has been a major challenge for men, as they have less protection options. The search for a contraceptive that is suitable for men has been going on for decades. In such a situation, it is no less than good news that scientists in America have succeeded in making contraceptive pill for men and soon its human trial will start. This pill or medicine is said to be 99 percent effective. Experiments on rats have been successful. Most importantly, no negative effects of this medicine have been reported. It is also favorable that it is a non-hormonal drug.

There were some hormonal attempts in earlier experiments, which were considered unfavorable for health, so scientists changed the direction of research. There is no doubt that the success of this drug could help balance the burden on other contraceptives."It is important to note that this medicine should be safe in every way, because it is not a medicine for any disease. In the case of medicine for disease, people assume that in getting rid of a major pain, there is little pain, so there is no special thing.

This general logic will not work in the case of male contraceptives. Therefore, scientists have to carefully adapt this drug to human health and prove that it will not have any short term or long term effect. Work has progressed in the direction of research on humans, but experts are concerned that the drug should be safe so that it can be readily accepted in the market. Despite many efforts, no effective and safe male contraceptive has yet been successful in human clinical trials, according to Abdullah Al Noman, MD, of the University of Minnesota in Minneapolis. Scientists like Noman know that safety will be very important for birth control pills, so scientific institutions are also very serious about this research.

"However, over the course of four weeks, the scientists gave male rats a daily dose of a chemical called YCT529 and found that their sperm count dropped. After that when the drug was stopped, between four and six weeks the rats were able to reproduce again and no negative effects were seen in them. Never before had such success been achieved. Clinical trials have involved various molecules, but they all target testosterone, the male sex hormone, which has been linked to weight gain, depression, and other negative effects.

However, scientists are assuming that the drug that is being made will not affect the natural hormonal structure of men or humans and their effect will be short-lived. Can it have any far-reaching effect, scientists want to find the answer to this question. In the medical field, many times the long-term harm is overlooked for the sake of immediate or commercial gain, but in this case scientists do not want to make any such mistake. The market is waiting for such a drug for a long time, but scientists want that even if it takes some time, the drug should come in the market only after thorough testing.

www.knlslive.com

# Alia Bhatt wished 'RRR' co-star Ram Charan on his birthday, said this about double celebration

SS Rajamouli's recently released film 'RRR' is rocking the box office. The film broke many records of earning as well as opening and is moving towards many records. Meanwhile, on Sunday, Ram Charan, one of the lead actors of the film, celebrated his birthday. The actor was wished by many big stars of Bollywood and Tollywood. Now Ram Charan has also been congratulated by his RRR co-star Alia Bhatt and shared a special note for him. On Ram Charan's 37th birthday, Alia shared a picture of the actor to wish him. Which is from the movie 'RRR'. Sharing the post, Alia wrote, 'Double celebration, double love. Happy Birthday Charan. Wishing you all the happiness, love and cake. Alia plays Ram Charan's fiance Sita in the film RRR. He has a cameo role in this film. Let us tell you that to wish Ram Charan a birthday, Jr NTR, the second lead actor of 'RRR', had organized a grand party for him. Many actors from the Telugu industry took part in this party, whose pictures went viral on social media. The story of 'RRR' is based on the lives of two freedom fighters Komaram Bheem and Alluri Sitaramaraju. This character was played by Jr NTR and Ramcharan. Apart from these, Ajay Devgan, Alia Bhatt, Olivia Morris are also in important roles in the film. While Samuthirakani, Ray Stevenson and Alison Doody are seen in supporting roles. Talking about Alia Bhatt's workfront, after 'RRR', her film 'Brahmastra' is also ready for release. The film also stars Ranbir Kapoor, Amitabh Bachchan and Mouni Roy in lead roles. Apart from this, Alia has Farhan Akhtar's 'Jee Le Zara'. Priyanka Chopra and Katrina Kaif will be seen with him in this film.



# Will Vivek Agnihotri donate the proceeds of The Kashmir Files? Pallavi Joshi replied

Vivek Agnahotri's film The Kashmir Files has done well at the box office. The movie is inching towards earning Rs 250 crore. For the past several days, the question is being asked on social media whether Vivek will donate this money to the Kashmiri Pandit community? There are also some reports coming from his side that he will help people with the film's earnings. Pallavi Joshi and Vivek Agnihotri have broken their silence on all these speculations and questions. He has talked about his future plans, which are still at a very early stage."Earning Tashkent in The Kashmir Files - During an interview with Pallavi Joshi and Vivek Agnahotri,



Siddharth Kanan asked that many questions had come to him. People are asking whether the movie is making 200, 300, 400 crores. Will the money be given to the welfare fund of Kashmiri Pandits out of the profits? Pallavi Joshi says, this has been going on for a long time. On Twitter, running on Insta, printed with Vivek's name everywhere. We have been investing money ever since we thought we would make a film on Kashmir. We are giving time on this project, talking to Kashmiri Pandits, whatever research we have done, we have done it on our own. We didn't have a producer. Whatever we earned from Tashkent was spent on The Kashmir Files. It is also a long math in whose part how much comes. Whenever a producer makes money from a film, he invests this money in his next projects. People don't make films like me and Vivek. Hopefully young people will come forward and if they face fund crunch, we will invest money in their film. Said success has come now, we could not even plan anything. On this, Vivek told that during Kovid he had raised money for the community, so he knows for whom he is doing it.

# मेडिकल कॉलेज के रास्तों में पानी व कीचड़ से मुसीबत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-मेडिकल कॉलेज परिसर में अभी भी जलभराव व कीचड़ से मरीज और तीमारदारों को राहत नहीं मिल सकी है। लोग कीचड़ से ही निकलने को मजबूर हैं। मेडिकल कालेज के अधिकारियों ने पिछले महीने कवायद की, जो रंग नहीं ला सकी। स्थिति जस की तस बनी हुई है। वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज परिसर में ऊबड़-खाबड़ रास्तों में भरे पानी और कीचड़ से निजात नहीं मिल पा रही है। इन रास्तों से हर रोज मेडिकल कॉलेज के अधिकारी भी निकलते हैं। इसके बावजूद भी कार्य नहीं कराया जा रहा है। वर्तमान में ऑपरेशन थिएटर ( ओटी ) के पास से गुजरने वाले रास्ते पर पानी भरा हुआ है। ओटी से ऑपरेशन के बाद इसी रास्ते से मरीजों को स्ट्रेचर से वार्ड में ले जाया जाता है। ऐसे में मरीजों को लेकर भी स्वास्थ्य कर्मी बहुत जोखिम उठाते हैं। इसके अलावा मरीज व तीमारदार भी कीचड़युक्त रास्ते से ही निकलने को मजबूर हैं। इस रास्ते से दुपहिया और चार पहिया वाहन भी गुजरते हैं। इन वाहनों के निकलते समय मरीज और तीमारदारों के कई बार कपड़े भी गंदे हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेज परिसर के अंदर के सभी रास्ते प्राथमिकता के आधार पर सही कराए जाएंगे। 31 मार्च तक वित्तीय वर्ष के कामकाज निपटाए जा रहे हैं। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। डॉ. रजनी पटेल, उप प्राचार्य मेडिकल कॉलेज


# सुबह चला अभियान, दोपहर में बस स्टैंड के बाहर होने लगी डग्गामारी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शहर में प्रशासन और यातायात पुलिस ने रविवार सुबह अभियान चलाया। 12 प्राइवेट बसों पर कार्रवाई की। लेकिन इसके चंद घंटे बाद दोपहर में ही रोडवेज बस स्टैंड के बाहर डग्गामारी होने लगी। यहां मौजूद पुलिसकर्मी इन बसों को अनदेखा करे रहे। रोडवेज के रंग में प्राइवेट बसों को रंगकर यात्रियों को गुमराह किया जाता है। यात्री रोडवेज की बस समझकर इसमें बैठ जाते हैं। यह खेल पुलिस चौकी व यातायात पुलिस के सामने होता रहता है। इससे परिवहन निगम की आय प्रभावित हो रही है। इसको लेकर रविवार सुबह एएसडीएम विवेक राजपूत व टीएसआई बचान सिंह ने अभियान चलाया। कासगंज मार्ग से लेकर अलीगंज चुंगी तक अभियान चलाकर बसों की धरपकड़ की। इस दौरान पांच बसों को सीज किया गया। जबकि सात बसों के चालान काटे गए। कार्रवाई होने तक तो बस संचालकों में खौफ रहा और बसों को मुख्य मार्गों से हटा लिया गया। लेकिन अधिकारियों के जाने के बाद दोपहर के समय बस स्टैंड के पास ही आगरा और कासगंज मार्ग पर जाने के लिए प्राइवेट बसें फिर जाकर खड़ी हो गईं। जबकि अलीगंज जाने वाली बसें भी बस स्टैंड के ठीक सामने खड़ी थीं। बस स्टैंड पर निगम के कर्मचारियों ने बताया कि शनिवार की रात आगरा मार्ग पर अलग-अलग प्राइवेट बसों के चालक परिचालकों में झगड़ा हुआ था। इस दौरान काफी देर तक दोनों पक्षों में मारपीट होती रही। बाद में कुछ लोगों ने मामले को रफादफा कराया था। झगड़ा यात्रियों को बसों में बैठाने को लेकर हुआ था ।बह अभियान चलाकर बसों पर कार्रवाई की गई। पांच बसों को सीज किया गया, जबकि सात बसों के चालान काटे गए हैं। रोडवेज बस स्टैंड के पास पहुंचने वाली बसों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। बचान सिंह शाक्य, टीएसआई

# लोकहित में कार्य करते हुए उत्तर प्रदेश के चहुँमुखी विकास को सुनिश्चित करेंगे



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री **#MYogi Adityanath** जी से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट कर पुनः मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने एवं ऐतिहासिक विजय की शुभकमनाएँ प्रेषित कीं। आदरणीय श्री सत्यपाल सिंह राठौर जी ( माननीय विधायक -अलीगंज ) की गरिमामयी उपस्थिति में हुयी इस सार्थक भेंट के लिए आदरणीय योगी जी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नवगठित सरकार एवं मंत्रिमंडल के सभी माननीय सदस्य लोकहित में कार्य करते हुए उत्तर प्रदेश के चहुँमुखी विकास को सुनिश्चित करेंगे।

# 3.16 लाख कार्डधारकों को मिलता रहेगा मुफ्त राशन


निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और सब्जियों से लेकर खाद्यान्न तक महंगाई की आग लगी हुई है। ऐसे में सरकार की घोषणा से जिले के 13.49 ( यूनिट ) लाख लोगों को मुफ्त राशन के जरिए राहत मिलेगी।यह लोग 3.16 लाख राशन कार्ड धारक परिवारों में शामिल हैं। कोरोना काल के समय से मुफ्त राशन दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार के अलावा केंद्र सरकार की ओर से भी राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।जिसके चलते कार्डधारकों को हर महीने दोहरा खाद्यान्न मिलता है। केंद्र सरकार ने जहां छह महीने तो प्रदेश सरकार ने तीन महीने मुफ्त में राशन दिए जाने की घोषणा की है। ऐसे में कार्डधारकों को बड़ी राहत मिली है।केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत छह महीने और प्रदेश सरकार ने तीन महीने मुफ्त राशन वितरण की घोषणा की है। शासन के निर्देशों के तहत सभी कार्डधारकों को राशन वितरण कराया जाएगा।राजीव कुमार मिश्रा, डीएसओ

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# स्वर्गीय श्री कल्याण सिंह जी को किया गया पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-स्वर्गीय श्री कल्याण सिंह जी को किया गया पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित।महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी ने राष्ट्रपति भवन में किया प्रदान।उनके पुत्र एटा सांसद राजवीर सिंह ( राजू भैया ) ने पद्म विभूषण पुरस्कार महामहिम राष्ट्रपति के हाथों किया प्राप्त।ज्ञात रहे स्वर्गीय श्री कल्याण सिंह जी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, राजस्थान के राज्यपाल एवं एटा से सांसद रहे हैं।

# भुरगवां में रंगशाला की लाइट काट देने के ऊपर दो पक्षों के मध्य हुई फायरिंग तथा मारपीट



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना मारहरा पुलिस को मिली सफलता, थाना मारहरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भुरगवां में रंगशाला की लाइट काट देने के ऊपर दो पक्षों के मध्य हुई फायरिंग तथा मारपीट की घटना में वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मारहरा पुलिस द्वारा ग्राम भुरगवां में रंगशाला की लाइट को काट देने के ऊपर दो पक्षों के मध्य हुई फायरिंग तथा मारपीट की घटना में वांछित चल रहे अभियुक्त बंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है थाना मारहरा पुलिस द्वारा उक्त घटना में वांछित चल रहे चार अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।*

# पल दो पल का काम है, रक्तदान श्रीमान, दिनचर्या में आएगा, नहीं तनिक व्यवधान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जलेसर में लगे विशाल रक्तदान शिविर में थाना जलेसर के पुलिसकर्मियों द्वारा बढचढ कर भाग लेकर किया रक्त दान तथा रक्तदान के सम्बन्ध में समाज में फैली भ्रान्तियों के विषय में दिया अच्छा सन्देश। थाना जलेसर क्षेत्रांतर्गत श्रीजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडी जवाहरगंज जलेसर एटा में समर्पण ब्लड बैंक आगरा के विशेष सहयोग एवं देवदूत वानर सेना जलेसर के सौजन्य से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर को लेकर देवदूत वानर सेना के सदस्य धर्मेंद्र वार्ष्णेय द्वारा बताया गया की किसी भी आपातकालीन स्थिति में रक्त की जरूरत पड़ने पर उनकी संस्था से संपर्क किया जा सकता है। देवदूत वानर सेना द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं एवं थाना जलेसर के पुलिसकर्मियों द्वारा बढचढ कर भाग लिया और रक्त दान किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा रक्तदाता युवाओं तथा पुलिसकर्मियों को रक्तदान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए तथा रक्त की कमी से होने वाली बीमारियों व उनके उचित निवारण के लिए जागरूक किया। स्वैच्छिक रक्तदान के बाद पुलिस द्वारा रक्तदान के सम्बन्ध में समाज में फैली भ्रान्तियों के विषय में एक अच्छा सन्देश दिया। रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मी- 1. प्रभारी निरीक्षक श्री शम्भू नाथ सिंह 2. उपनिरीक्षक परवेज़ राना 3. का. योगेश चौहान 4. का. अन्नू यादव 5. का. हितेश 6. का. अजय

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# पेण्ड्रा में मनाई गई माता कर्मी जयंती




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- आज जिला वैश्य तैलिक साहू समाज के द्वारा पेण्ड्रा में माता कर्मा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा मैं प्रार्थना करता हूँ की,माता कर्मा का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे एवं आप सभी के जीवन में सुख,समृद्धि आये। आगे उन्होंने ने कहा आराध्या,सेवा, त्याग एवं भक्ति की प्रतिमूर्ति भक्त माता कर्मा की जयंती पर में आप सभी को बधाई देता हूँ साथ ही साहू समाज के सामाजिक भवन निर्माण हेतु ?15,00,000/- रुपये की राशि की घोषणा की इस अवसर पर श्री राकेश चतुर्वेदी जिला महामंत्री,भा.ज.पा श्री केशव साहू जिलाध्यक्ष, वैश्य साहू समाज श्री नीलेश साहू जिलाध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ श्रीमती सरिता अश्विनी साहू जिलाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ व समस्त वैश्य साहू सामाज के ऊर्जावान साथी उपस्थित थे।

# लगातार चौथी दिन फिर एक टूटे हुए परिवार को जोड़कर एक किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज लगातार चौथी दिन फिर एक टूटे हुए परिवार को जोड़कर एक किया गया, मामला कोची गड़िया थाना सकीट ज़िला एटा निवासी नीतू और उसके पति दीपक पुत्र बालिस्टर सिंह का है, दोनो की शादी चार साल पहले हुई थी, मगर आपसी विवाद के चलते पत्नी एक साल से मायके में रह रही थी, आज दोनो को बुलाकर समझाकर विदा किया गया, इसके अलावा थाना जलेसर ज़िला एटा में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात रामजीलाल का अपनी पत्नी के उत्पीड़न का मामला भी समिति के सामने आया, जिस पर दूसरे पक्ष के अनुपस्थिति के कारण आगामी तिथि से दोनो को अवगत कराया गया, इसके अलावा 3 पत्रावलियों में अग्रिम तिथि नियति की गई, तथा दो फाइलों में मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बन्द की गई, आज की बैठक में काउंसलर अकरम खान, ब्रजवाला वशिष्ठ, सचेन्द्र गुप्ता, के अलावा महिला थाना महिला थानाध्यक्ष ब्रह्मवती , हैड कांस्टेबल मिथलेश कुमारी, प्रेमकांती , पूजा यादव,रजनी के अलावा महिला थाना स्टाफ मौजूद रहा


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# कुदरगढ़ वनपरिक्षेत्र के भवंरखोह में दिनदहाड़े तेंदुआ ने गांव में घुसकर बनाया बकरी को अपना शिकार

## जंगलों में लगी आग तो गांव की ओर जंगली जानवर कर रहे पलायन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी- विकासखंड के वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ के दूरस्थ गांव भवंरखोह में रविवार को दिनदहाड़े करीब सुबह 10=00 बजे गांव में घुसकर एक तेंदुआ ने बकरी को अपना शिकार बना लिया । प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार को सुबह लगभग 10=00 बजे ग्रामीण रामलाल पंडो पिता टिहुला पंडो अपने सेमरखाड़ खुर्द पारा में रामलाल पंडो का भतीजा राजलाल पंडो घर के पास पालतू जानवरों को चरा रहा था। उसी समय जंगल की ओर से जंगली जानवर तेंदुआ आया और जानवरों पर हमला कर दिया। जिससे एक बकरी को अपने शिकार में ले लिया और जान से मार डाला ।

### गांव के जंगलों में लगी भीषण आग तो जंगली जानवर कर रहे गांव की ओर पलायन

इस समय भवंरखोह का पूरा जंगल भीषण आग की चपेट में जल रहा है। जिसके कारण जंगली जानवर गांव की ओर पलायन कर रहे हैं और अपना शिकार बना रहे हैं वहीं वन विभाग मूकदर्शक बनी हुई है ना तो वन विभाग के अधिकारी आग बुझाने आ रहे हैं ना ही तेंदुआ शिकार हुए बकरी को देखने आए ।

**■ घटनास्थल पर नहीं पहुंची वन विभाग की टीम**

### ग्रामीणों में डर का माहौल

वहां के ग्रामीणों को भय है कि यदि वन विभाग घटना को ध्यान नहीं देगी तो आज तेंदुआ ने पालतू जानवर को शिकार बनाया है वहीं कल गांव में घुसकर ग्रामीणों को शिकार बनाना प्रारंभ कर देगा इस घटना के समय भवंरखोह के वन रक्षक से फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया पर वनरक्षक ने फोन नहीं उठाया। हम अभी सब अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं , मैं वहां नहीं जा सकतीं हूं। महेश्वरी वन रक्षक भवंरखोह भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने ग्रामीण से फोन के माध्यम से जाना घटनाक्रम ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने ग्रामीण रामलाल पंडो से फोन के माध्यम से पूरी घटनाक्रम को विस्तारपूर्वक जाना और ग्रामीण को हुई क्षतिपूर्ति के लिए शासन प्रशासन व विभाग से जल्द से जल्द सहायता राशि दिलवाने की मांग की है। अब दिखने वाली बात है कि वन विभाग क्या कार्यवाही करती है।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान उमेशपुर के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला सूरजपुर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार आमजनों, सहकारी समितियों, वृहद आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति तथा स्थानीय स्वशासीय निकाय को सूचित किया जाता है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान उमेशपुर विकासखण्ड रामानुजनगर का नवीन एजेंसी नियुक्त किया जाना है। शासकीय उचित मूल्य दूकान संचालन के इच्छुक संस्था 13 अप्रैल 2022 तक कार्यालयीन समय शाम 05:30 बजे तक संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में संस्था के प्रस्ताव एवं अन्य दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# आज होगा विशेष ग्राम सभा का आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम सभा गठन, सम्मिलन की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम 1998 के नियम 6 में प्रदत्त षक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में जाति प्रमाण पत्र सत्यापन, कोविड-19 से बचाव के समस्त गाईडलाईन का पालन करते हुए 29 मार्च 2022 दिन मंगलवार को विषेष ग्राम सभा आयोजन करने आदेष जारी किया है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 2 (क) के तहत गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत प्रतिषत उपस्थिति सुनिष्चित कराने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव की होगी।


अन्य खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM


# पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग नया रायपुर के निर्देशानुसार पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित नियम 2021) हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 27 मार्च को शा. कन्या उ.मा. विद्यालय सूरजपुर में दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित किया गया था। जिसका परिणाम सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं सहायक आयुक्त कार्यालय सूरजपुर के सूचना पटल में अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है। इस परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार आपत्ति हो, तो वे 31 मार्च 2022 तक कार्यालयीन समय पर अपनी आपत्ति कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास सूरजपुर में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते है।

# लर्निंग लाइसेंस के लिए मिशन स्कूल गौरेला में शिविर 29 मार्च को

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार स्कूली छात्रों सहित अन्य लोगों की सुविधा के लिए लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन 29 मार्च मंगलवार को मिशन स्कूल गौरेला में किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिन्हा ने शिविर स्थल पर विभाग के स्टाफ के लिए पर्याप्त टेबल, कुर्सी, इंटरनेट, कम्प्यूटर, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्था करने स्कूल के प्राचार्य से कहा है। लर्निंग लाइसेंस के लिए मोटर सायकल प्रवर्ग हेतु 205 रूपए और मोटर सायकल सह एल.एम.व्ही प्रवर्ग हेतु 355 रूपए शुल्क निर्धारित है। आवश्यक दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र के लिए 5 वीं, 8वीं, 10वीं, या पेन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य है। इसी तरह निवास प्रमाण पत्र के लिए आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, मतदाता परिचय पत्र, बिजली बिल आदि की छायाप्रति जरूरी है। लर्निंग लाइसेंस हेतु 40 वर्ष से अधिक की आयु वर्ग के आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन करते समय ऑनलाइन चिकित्सा प्रमाण पत्र फार्म 1-ए अपलोड किया जाना होगा, इसके बाद ही लाइसेंस की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। दिव्यांग आवेदकों के लिए सिविल सर्जन से जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र या समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र आवेदन करते समय ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

# डीएम के निरीक्षण में बेसिक शिक्षा विभाग की पोल खुली: छात्रों से कराई गई बेगार

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के आकस्मिक निरीक्षण में जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के लापरवाह अधिकारी व कर्मचारियों का भंडाफोड़ हो गया। डीएम संजय कुमार ने आज सुबह 10.10 बजे जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल जी यादव एवं लेखा अधिकारी सहित 15 कर्मचारी कार्यालय में नहीं मिले।इतने कर्मचारियों को गायब देखकर डीएम चकित रह गए उन्होंने बीएसए लेखाधिकारी सहित सभी गैरहाजिर कर्मचारियों का स्पष्टीकरण मांगा। डीएम ने कर्मचारियों को भविष्य में सुधर जाने की चेतावनी देते हुए हिदायत दी कि यदि इस प्रकार की लापरवाही पुनः पाई गई तो कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में काफी गंदगी पाई गई डीएम ने अभियान चलाकर गंदगी को साफ करने की चेतावनी दी।निरीक्षण के दौरान कार्यालय में प्रधान सहायक मनोज श्रीवास्तव कनिष्ठ सहायक पंकज तिवारी, अरविंद कुमार वाहन चालक इशरत खान कनिष्ठ लिपिक जंगबहादुर सैनी रामसेवक अवधेश सिंह चौहान आशीष दीक्षित सुभाष चंद्र गौतम सुरेंद्र नाथ अवस्थी सेवक गजेंद्र सिंह सेविका सरिता बाथम, रहीमीन खानम एवं डीसी जितेंद्र सिंह कार्यालय में नहीं मिले डीएम के निरीक्षण से विभागीय कर्मचारियों में जबरदस्त हड़कंप मचा है। बीएसए कार्यालय के कर्मचारी शिक्षकों से अवैध वसूली करने में सक्रिय रहते हैं जिसके कारण ही अध्यापक मनमाने ढंग से स्कूल आते जाते हैं।

# प्राइमरी विद्यालय में बेगार कराए जाने के कारण छात्र काफी परेशान



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद-ब्लॉक कमालगंज क्षेत्र के ग्राम सरवर आलमपुर के प्राइमरी विद्यालय में बेगार कराए जाने के कारण छात्र काफी परेशान है। बताया गया कि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीरजा श्रीवास्तव मौका मिलते ही स्कूल के छात्रों से मिट्टी की खुदाई कर मरम्मत का कार्य करवाती है। इस समय भीषण गर्मी के दौरान फावड़ा चलवाये जाने के कारण छात्र बेहाल हो जाते हैं। स्कूल का अध्यापक धीरेंद्र पाल व शिक्षामित्र किरन भी छात्रों के साथ अत्याचार में प्रधानाध्यापिका का विरोध न करके उनकी जी हुजूरी करते हैं। मीडिया कर्मियों ने प्रधानाध्यापिका नीरजा श्रीवास्तव से छात्रों की पढ़ाई के दौरान बेगार कराए जाने के बारे में जानकारी की। तो प्रधानाध्यापिका ने उनके साथ अभद्र व्यवहार कर स्कूल न आने की चेतावनी दी। प्रधानाध्यापिका ने यह भी कहा कि मेरा विद्यालय है मैं जैसा चाहूंगी बैसा काम छात्रों से करवाऊंगी। गुस्साए ग्रामीणों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत महरू पुर बीजल के प्रधान महेश चंद कटियार ने बताया कि फिलहाल हमें छात्रों के साथ बेगार कराए जाने की जानकारी नहीं है। जानकारी करके प्रधानाध्यापिका को हिदायत दूंगा कि वह छात्रों से केवल शिक्षण कार्य करवाएं मजदूरी का काम न करवाएं। यदि वह इसके बावजूद भी छात्रों का शोषण करती हैं तो उनके विरुद्ध अधिकारियों से शिकायत करूंगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# खोए हुए मोबाइल पाकर लोगों के खिले चेहरे

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद-खोए हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए। पचास एंड्रायड मोबाइल पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से ढूंढकर निकाल लिए। जिन लोगों के मोबाइल गिर गए थे वह काफी खुश हो गए। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने लोगों को मोबाइल वापस किए। कहा कि यदि किसी का मोबाइल गिर जाए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें जिससे कि उसे ढूंढ निकाला जा सके। एसपी ने बताया कि 50 एंड्रायड मोबाइल फोन जिनकी कीमत करीब 8 लाख रुपया है उनको सर्विलांस टीम की मदद से अंर्तजनपद व दूसरे प्रांतों से खोजकर बरामद किया गया है। जिन लोगों के मोबाइल थे जो कहीं गिर गए थे। सूचना पर ऐसे मोबाइलों को बरामद कर दे दिया गया है। कमालगंज क्षेत्र के रहने वाले सतेंद्र कुमार ने भी मोबाइल खोने की शिकायत पुलिस से की थी। जब उनका मोबाइल मिल गया और पुलिस ने उन्हें फोन किया तो सतेंद्र ने कहा कि वह खेत में पानी लगा रहे हैं। अब मोबाइल मिल गया है तो वह आकर ले जाएंगे। ऐसे मे पुलिस ने उनके मोबाइल को अपने पास सुरक्षित रख लिया है। राजीव दुबे, बलराम अवस्थी, अनुराग वर्मा, के ऐश्वर्य सेंगर, शंकरदयाल, दीपक शाक्य, देवेंद्र सिंह, गोपाल मिश्रा, बृजेश कुमार, संजय कुमार, सुमन, रमेश चंद्र शाक्य, आरती, रिंकू यादव, गोविंद अग्निहोत्री, श्याम तिवारी, अमोद कुमार, संजय सक्सेना, मोहित, अंकित शुक्ला, अजय सिंह, संतोष कुमार, सुमित कुमार, खुश वर्मा, गौरव कटियार, जितेंद्र, कैलाश चंद्र, राजेश आदि मोबाइल पाकर खुश हो गए और मोबाइल लेकर घर चले गए

# मारपीट में घायल होने पर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- महिला ने अपने बेटे और बहन के साथ मिलकर सास, पति समेत तीन के साथ मारपीट कर दी। तीनो घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। लोहिया अस्पताल में वृद्धा को जब स्ट्रेचर नहीं मिला तो पड़ोसी गोद में उठाकर वार्ड में ले गए। फतेहगढ़ कोतवाली के कठेरियन नगला निवासी अफरोजी बेगम, उनके पुत्र अमीर हसन के अलावा परिवार की रुखसाना को मारपीट में घायल होने पर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफरोजी ने बताया कि पुत्र अमीर हसन की पत्नी आए दिन घर में झगड़ा करती है। सुबह को भी उसने झगड़ा किया और अपनी बहन व दो पुत्रों के साथ मिलकर मेरे अलावा अमीर हसन और रुखसाना के साथ मारपीट कर दी जिससे हम लोगों के चोटें आयी हैं। उन्होंने बताया कि वह पुत्रवधू की शिकायत पुलिस से करेंगी। वहीं मारपीट में चोट लगने पर अफरोजी बेगम को पड़ोसी किशन इलाज के लिए लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचा। जब एंबुलेंस नहीं मिली तो ऐसे में परेशान होकर किशन ने अफरोजी बेगम को गोद में उठाया। तब जाकर इलाज के लिए वार्ड में ले गए।

# अज्ञात कारणों के चलते साठ वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगा कर आत्महत्या की



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- शहर कोतवाली क्षेत्र के कालू कुआं चौकी अंतर्गत आने वाले किलेदार के पुरवा में संदिग्ध परिस्थितियों में 60 वर्षीय वृद्ध गोपाल ने गांव के बाहर बगीचे मेंअमरूद के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना की जानकारी के बाद मौके में पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है घटना के बाद से ही परिवार में मातम छा गया। मृतक के भतीजे कल्लू राजपूत ने बताया की सुबह सब ने साथ में चाय पी है इसके बाद मै काम पर नवाब टैंक आ गया फोन से सूचना मिली की चाचा ने फांसी लगा ली है।तो सीधे पहुंच गया

# शराबी पति ने पत्नी को छत से फेका



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा-बांदा शहर कोतवाली क्षेत्र के किले दार के पुरवा में एक शराबी ने अपनी पत्नी को छत से फेक दिया जिससे उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल के ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया गया। महिला के भाई ने बताया की होली पर दोनो लोग घर आए थे। और हमारे जीजा भी थे ।होली में दीदी ने जीजा के रंग लगाने से नाराज पति ने किसी न किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा करता था।अब सब लोगो ने मिल कर मेरी बहन को छत से नीचे फेक दिया जिससे उसे काफी चोट आई है जिसका इलाज कराने के लिया यहां पर आए हैं। होली मे पति साथ मायके गई थी घायल महिला जीजा के रंग लगाने पर नाराज हुए पति ने जमकर मचाया बवाल

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मरवाही में विकास खंड स्तरीय रामायण गायन प्रतियोगिता का आयोजन




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आज सद्भावना भवन मरवाही में जनपद पंचायत स्तरीय रामायण गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक मानचित्र में रामायण मंडलियां एक अभिन्न अंग है। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने का एक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाए।

यह प्रतियोगिता चार चरणों में हो रहा है। पहले चरण में ग्राम पंचायत में जितने भी रामायण मंडलियां हैं, उनके बीच प्रतियोगिता के माध्यम से एक विजेता रामायण मंडलियों को चुना जाएगा। दूसरे चरण में चुने गये प्रत्येक ग्राम पंचायत की रामायण मंडलियों के बीच जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। तीसरे चरण में जनपद पंचायत की विजेता रामायण मंडलियों के बीच जिला स्तर पर प्रतियोगिता के माध्यम से जिला स्तरीय विजेता को चुना जाएगा और चौथे चरण में जिला स्तरीय विजेता रामायण मंडलियों के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी । राज्य स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण में 8, 9 और 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय आयोजन में विजेता रामायण मंडली दल को 5 लाख रुपए, उपविजेता को 3 लाख रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को 2 लाख रुपए पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी । मानस मंडली प्रतियोगिता का आयोजन संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग रायपुर के तत्वावधान में किया जा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- बांदा जनपद के जसपुरा थाना अंतर्गत अमारा गांव में एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर रस्सी के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है? वही घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# बदल रहे मौसम के चलते मौसमी बीमारियों के मरीजो की भीड़



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- लोहिया अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को बदल रहे मौसम के चलते मौसमी बीमारियों के मरीजो की भीड़ रही। डॉक्टर कोरोना की चौथी लहर से निपटने के लिए मॉकड्रिल में व्यस्त थे। इसके चलते ओपीडी की व्यवस्थाएं पूरी तरह से सुबह को फेल हुईं। डॉक्टर कक्ष सुबह 11 बजे तक खाली थे। पर्चा बनवाने के बाद मरीज डॉक्टर के आने की राह देख रहे थे। कई मरीज फर्श पर लेटकर दर्द से कराह रहे थे। फिजीशियन ने आकर जब मरीजो को देखना शुरू किया तो मरीज जल्द दिखाने के लिए आपस में भिड़ गए। धक्का मुक्की के बीच मारपीट की नौबत भी आ गयी। ऐसे में फिजीशियन ने मरीजों को समझाया। कहा कि परेशान न हों। जो भी लोग आए हैं उन सबको इलाज मिलेगा तब कहं जाकर मरीज माने। ओपीडी के लिए 810 पर्चे बने। सुबह को डॉक्टरों के कक्ष तो खुले थे लेकिन डॉक्टर नहीं थे। ऐसे में पर्चा बनवाने के बाद मरीज इंतजार में थे। सबसे ज्यादा भीड़ फिजीशियन को दिखाने के लिए थे। सुबह सवा 11 बजे जब फिजीशियन अपने कक्ष में पहुंचे तो मरीज दिखाने के लिए अंदर घुसने लगे। कुछ मरीजों के बीच आपस में कहासुनी हो गई। हृदय रोग के डॉक्टर को दिखाने के लिए भी मरीजों को इंतजार करना पड़ा। ऐसी ही स्थिति आर्थो सर्जन को दिखाने के लिए बनी। बाद में जब डॉक्टर अपने कक्ष में आए तो मरीजों को देखा गया। फिजीशियन ने बताया कि वह राउंड पर थे। उनके मरीज वार्डो में भर्ती हैं इसलिए देर हो गई। सुबह को जेडी, सीएमओ, सीएमएस अस्पताल में ही थे। इसके बाद भी मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। जिम्मेदारों ने मरीजों की दिक्कतों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जिससे मरीजों को इलाज कराना मुश्किल हो गया।

# उत्तराखंड बोर्ड: परीक्षाओं में 'हिन्दी' 21 साल से नंबर वन, 28 मार्च से शुरू हो गई हैं परीक्षाएं



उत्तराखंड शिक्षा परिषद की देखरेख में होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की शुरुआत सोमवार 28 मार्च से हो जाएगी। खास बात यह है कि 28 मार्च से शुरू होकर 19 अप्रैल तक चलने वाली परीक्षाओं का पहला प्रश्न पत्र 21 साल बाद भी हिन्दी का ही होगा। यूपी से अलग होने के बाद रामनगर में बने माध्यमिक शिक्षा परिषद ने साल 2001 में पहली बार कुमाऊं व गढ़वाल मंडल के विद्यार्थियों की बोर्ड की परीक्षा अपनी देखरेख में संपन्न कराई थी। तब भी हिन्दी के पेपर से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हुई थी। रामनगर के कानिया में नौ फरवरी 1996 में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया था। नौ नवंबर 2000 में राज्य के गठन के बाद भी कुमाऊं व गढ़वाल के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की परीक्षाएं माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की देखरेख में ही होती रहीं। 22 सितंबर 2001 में उत्तरांचल शिक्षा एवं परीक्षा परिषद का गठन हुआ। शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार यूपी के दौर में भी अधिकतर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का पहला पेपर हिन्दी का ही होता रहा है। सोमवार यानी आज से होने वाली बोर्ड परीक्षा की शुरुआत भी हिन्दी के पेपर से ही हो रही है। 11 दिसम्बर 2008 को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद का गठन हुआ। अन्य विषयों में होता रहा फेरबदल = अंग्रेजी, गणित, कला आदि की परीक्षाएं हिन्दी की तरह नहीं होती हैं। साल दर साल अंग्रेजी, गणित, वाणिज्य, विज्ञान आदि के पेपरों का क्रम अलग-अलग रहता है।

### कोरोना काल में बढ़ गया पासिंग प्रतिशत

अन्य सालों में बोर्ड का पासिंग प्रतिशत 70 से 80 के बीच रहता था। लेकिन कोरोना काल में पिछली कक्षा के आधार पर दिए गए अंकों ने बोर्ड के पासिंग प्रतिशत को बढ़ा दिया। 2021 हाईस्कूल की परीक्षा में 99.09 प्रतिशत तो इंटर में 99.56 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। उत्तराखंड शिक्षा परिषद गठन के बाद से ही पहला पेपर हिन्दी का ही कराता आया है। पहला पेपर बेहतर जाने पर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षा को लेकर भयभीत रहते हैं इसीलिए पहला पेपर हिन्दी का ही दिया जाता है, ताकि वे अन्य प्रश्नपत्रों के उत्तर सोच-समझकर बेहतर ढंग से कर सकें। -नवीन चंद्र पाठक, अपर सचिव, विद्यालयी शिक्षा बोर्ड

# फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मंडल की बैठक हुई संपन्न



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मंडल की बैठक में पदाधिकारियों को परिचय पत्र और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयकर वकील रामजी बाजपेई ने कारोबार को आगे बढ़ाने के उपाय बताए और जीएसटी के नए नियमों की भी जानकारी दी। नाला मछरट्टा के कांच वाले मंदिर में हुई बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि व्यापारी अपनी ताकत को पहचाने। यदि कहीं पर कोई उत्पीड़न कर रहा है तो उसके खिलाफ मुखर होकर आवाज उठाएं। बैठक में व्यापारियों के हित में दस लाख रूपए की बीमा योजना लागू करने की मांग की गई। धीरेंद्र तिवारी, रविशंकर चौहान, राम निवास गुप्ता, रचित अग्रवाल, सरल शुक्ला, दिनेश, शकील, ब्रजेश गंगवार, संजीव वर्मा आदि रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# प्रयागराज: सामूहिक विवाह में नव विवाहित जोड़ों को गिफ्ट में मिला बुलडोजर

यूपी में योगी सरकार की वापसी के बाद से प्रदेश भर में बुलडोजर का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। जहां एक तरफ बदमाशों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चल रहे हैं वहीं दूसरी तरफ लोग एक-दूसरे को गिफ्ट में बुलडोजर देते हुए नजर आ रहे हैं। इसी बीच प्रयागराज के एक सामूहिक विवाह में नौ जोड़ों को गिफ्त में बुलडोजर दिए गए। दरअसल, प्रयागराज के बैंक रोड स्थित सागर एकेडमी में रविवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नौ जोड़ों ने सात फेरे लिए। इस दौरान पूर्व मेयर यमुनोत्री गुप्ता ने वर-वधू को शेरवानी सूट-लहंगा भेंटकर आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही, सभी जोड़ों को 1-1 बुलडोजर का खिलौना भी दिया गया। सामाजिक एकता परिषद् के अध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ल ने कहा कि दिव्यांगों को दया नहीं, सहयोग की जरूरत है। संचालन कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र ने किया। पूर्व विधायक के रिश्तेदार समेत सात निर्माणों पर चला बुलडोजर प्रयागराज में रविवार दोपहर चार दुकान समेत सात अवैध निर्माणों पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चला। भाजपा के पूर्व विधायक के रिश्तेदार के मकान की बाउंड्रीवाल भी तोड़ी गई। इससे पहले पीडीए का दस्ता ध्वस्तीकरण करने पहुंचा तो विरोध का सामना करना पड़ा। मकान मालिक और दस्ते के बीच झड़प बढ़ने लगी तो पुलिस ने हस्तक्षेप किया और विरोध करने वालों को हटाया। इसके बाद ध्वस्तीकरण शुरू हुआ। दो मकानों को तो पूरी तरह गिरा दिया गया। दो मकान रक्षा भूमि पर बने थे, इसलिए सिर्फ इनके सामने की बाउंड्री गिराई गई। तीन दुकानें जमींदोज कर दी गईं। एक धार्मिक स्थल की दीवार टूटने पर लोग भड़क गए। लोगों ने जीसीबी चालक को बाहर निकालने की कोशिश की तो पुलिस ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया।



ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार इकौना के विरुद्ध लामबंद हुए अधिवक्ता

प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- 29 मार्च को करेंगे चक्का जाम तथा 1 अप्रैल तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता इकौना श्रावस्ती उप जिला अधिकारी इकौना आर. पी. चौधरी तथा तहसीलदार इकौना प्रेम कुमार राय के कार्यप्रणाली से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष दिलीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में आम सभा की बैठक कर कहा कि तहसीलदार इकौना द्वारा आवासीय प्लाट के डीड जिनमें गाटा नंबर भी अंकित होता है उसके बावजूद उसकी हार्ड कॉपी रिसीव नहीं किया जाता है तथा सब रजिस्ट्रार कार्यालय की लापरवाही के कारण बैनामें का नामांतरण नहीं हो पा रहा है जिसका जिम्मेदार तहसील प्रशासन है अधिवक्ता संघ द्वारा बार-बार अनुनय किया गया किंतु तहसील प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया वहीं उप जिला अधिकारी इकौना द्वारा वादों के निस्तारण में गलत तरीके से अधिवक्ताओं को परेशान किया जाता है तथा दावा में कमी बताकर दावा खारिज करने की धमकी दिया जाता है इन्हीं कारणों से अधिवक्ता संघ तहसील इकौना के समस्त अधिवक्ता दिनांक 28 मार्च से 1 अप्रैल 2022 तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है तथा 29 मार्च को प्रात: 11=30 पर चक्का जाम कर मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया है।

## मुख्तार अंसारी बांदा से लखनऊ पहुंचा: बेटे को थी अनहोनी की आशंका और काफिले का वज्र वाहन अचानक हो गया खराब




एमपी-एमएलए कोर्ट में पेशी के लिए बांदा से लखनऊ लाए जा रहे पूर्व विधायक बाहुबली मुख्तार अंसारी के काफिले का वज्र वाहन रास्ते में अचानक खराब हो गया। वज्र वाहन के स्टॉफ ने तत्काल इस बारे में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने मैकेनिक बुलाया। मैकेनिक ने गाड़ी को चेक करने के बाद धक्का लगवाकर रवाना कराया। इसके बाद काफिला लखनऊ के लिए आगे बढ़ा। गौरतलब है कि मुख्तार के बेटे और मऊ सदर से विधायक अब्बास अंसारी ने कल पूरी रात एक के बाद एक कई ट्वीट कर मुख्तार को बांदा से लखनऊ शिफ्ट करने के लिए रात में अधिकारियों के जेल पहुंचने पर सवाल उठाया था। अब्बास ने किसी अनहोनी की आशंका भी जताई थी। इसके पहले सुबह-सुबह बांदा जेल से मुख्तार अंसारी को लेकर एंबुलेंस लखनऊ के लिए रवाना हुई। एंबुलेंस के साथ कड़ी सुरक्षा का भी इंतजाम है। एक वज्र वाहन भी इसमें शामिल है। वज्र वाहन में कई पुलिसकर्मी तैनात हैं। रास्ते में एक जगह वज्र वाहन खराब हो गया। बेटे द्वारा जताई गई अनहोनी की आशंका की वजह से वज्र वाहन खराब होते ही इसकी चर्चा पूरे प्रदेश में होने लगी। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने एक मैकेनिक बुलाया जिसने धक्का देकर वज्र वाहन स्टार्ट कराया।

### काफिले के आगे-पीछे निजी वाहनों से नज़र रखे हैं मुख्तार के लोग

बांदा से लखनऊ ले आते समय रास्ते में कई निजी वाहनों से मुख्तार के करीबी लोग काफिले पर नज़र रखे हुए हैं। वे लगातार काफिले का वीडियो बना रहे हैं।

### आज लखनऊ जेल में काटनी पड़ सकती है रात

मुख्तार अंसारी को आज लखनऊ जेल में रात काटनी पड़ सकती है। बताया जा रहा है कि यदि शाम चार बजे तक कोर्ट की कार्यवाही पूरी हो गई तब तो मुख्तार को वापस बांदा ले जाया जाएगा लेकिन यदि उससे ज्यादा समय लगता है तो मुख्तार के वकील कोर्ट में दलील दे सकते हैं कि उन्हें रात में बांदा न ले जाया जाए। उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। ऐसी स्थिति में हो सकता है कि अदालत के आदेश पर मुख्तार को लखनऊ जेल में ही आज की रात काटनी पडे।

### क्या है मामला

बांदा जेल में बन्द मुख्तार अंसारी को हजरतगंज में जालसाजी, धोखाधड़ी समेत अन्य मामलों की सुनवाई के लिए सोमवार को लखनऊ लाया जा रहा है। दो दर्जन से अधिक मामलों के आरोपित बाहुबली मुख्तार अंसारी की सोमवार को राजधानी की अदालत में पेशी है। सोमवार सुबह छह बजे बांदा जेल से मुख्तार को राजधानी के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना किया गया। कोर्ट ने हाजिरी माफी को निरस्त कर आज पेश होने का आदेश दिया था। वर्ष 2021 में मुख्तार अंसारी व उनके बेटे उमर अंसारी और अब्बास अंसारी के खिलाफ लखनऊ के जियामऊ इलाके में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शत्रु संपत्ति हथियाकर उस पर अवैध निर्माण कराने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। बांदा जेल के प्रभारी अधीक्षक वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि कोर्ट में पेशी के लिए मुख्तार को लखनऊ भेजा गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने कोतवाली भिनगा का किया वार्षिक निरीक्षण

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने थाना कोतवाली भिनगा का वार्षिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कार्यालय के रजिस्टर नंबर 8, अपराध रजिस्टर, एक्टीव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर ,फ्लाई शीट रजिस्टर, हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया ।अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना व लावारिस तथा मुकदमाती मालों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। थाना पर नियुक्त समस्त विवेचकगण को विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें बीते हुए त्यौहारो की प्रविष्टि अंकित पायी गयी। थानास्टाफ का नियमित सम्मेलन व उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण सक्षम स्तर से कराये जानें, बीट कर्मचारियों द्वारा बीट सूचना दर्ज करानें तथा बीट सूचना पर आवश्यक कार्यवाही करनें के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। सभी बीट प्रभारी/कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने बीट में जाकर चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराये। थाना स्तर पर शिकायत लेकर आने वाले शिकायतकर्ता की शिकायत नोट करनें तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया साथ ही साथ थाना को0भिनगा के अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

## पेंशनधारक हो जाएं सावधान, गलत तरीके से पेंशन लेने वालों पर बढ़ी सख्ती, रद्द होंगे आवेदन



पेंशनधारक अब गलत तरीके से पेंशन योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे। पेंशन लेने वाले गाजियाबाद जिले के सभी पेंशनधारकों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। सत्यापन का कार्य 31 मार्च तक पूरा किया जाएगा। जो भी गलत दस्तावेज लगाकर पेंशन का लाभ लेता पाया जा रहा है, उसकी पेंशन निरस्त की जा रही है। अब तक सौ से ज्यादा आवेदन निरस्त किए जा चुके हैं। जनपद ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में वर्तमान में कुल 48 हजार 422 वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशनधारक हैं। लोग कई बार गलत दस्तावेज लगाकर पेंशन के लिए आवेदन कर देते हैं। इनमें से बहुत सारे गलत आवेदन ऐसे होते हैं जो पकड़ में नहीं आते। अब वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशनधारकों के आवेदनों की जांच की जा रही है। इस दौरान जो भी आवेदन गलत पाए जा रहे हैं उनके आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि सत्यापन के दौरान वृद्धावस्था पेंशन का प्रमुखता से जांच की जा रही है, क्योंकि हर साल विभिन्न कारणों से कई बुजुर्गों की मृत्यु हो जाती है या बहुत सारे पेंशनधारक ऐसे भी होते हैं जिनकी वार्षिक आय में बढ़ोतरी हो जाती है, लेकिन उनके परिजन इसकी जानकारी विभाग में नहीं देते, जिससे उनके बैंक खाते में पेंशन का लाभ जाता रहता है। साथ ही कुछ लोग गलत दस्तावेज लगाकर पेंशन लेने की कोशिश करते हैं। बीते साल करीब 200 आवेदन किए गए थे निरस्त- गत वर्ष जुलाई में भी करीब 40 हजार पेंशनधारकों का सत्यापन किया गया था। इस दौरान विभाग की जांच में करीब 200 लोगों की पेंशन निरस्त की गई थी। इसमें कई कई मामले ऐसे थे जिनमें लाभार्थी की मृत्यु के बाद भी उनके बैंक खाते में पेंशन भेजी जा रही थी। हालांकि, उनके बैंक खाते से परिजन पेंशन की राशि नहीं निकाल पाए थे। लाभार्थियों का ब्योरा- जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्रा ने कहा कि वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन का लाभ ले रहे सभी लाभार्थियों का सत्यापन किया जा रहा है। गलत तरीके से लाभ लेने वालों के आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं। इस माह के अंत तक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।